Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to set up Army Recruitment Centre in Deoria Parliamentary Constituency.

डॉ. रमापति राम त्रिपाठी (देवरिया): सभापति महोदय, मैं भारत सरकार का ध्यान देवरिया संसदीय क्षेत्र के नौजवानों की समस्या की तरफ आकृष्ट करते हुए बताना चाहता हूँ कि यहाँ ग्रामीण क्षेत्र के बड़ी संख्या में नवयुवक भारतीय सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करना चाहते है, निरन्तर तैयारी करते रहते हैं लेकिन सेना भर्ती केन्द्र वाराणसी में होने के कारण अर्थाभाव में जाने में कठिनाई होती है, जबकि देवरिया में सेना की लगभग चालीस एकड़ जमीन खाली पड़ी है उसका कोई उपयोग नहीं हो रहा है ।

अतः मैं माननीय रक्षा मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि देवरिया में सैनिक भर्ती केन्द्र स्थापित करने की कृपा करें जिससे देवरिया, कुशीनगर के साथ सीमा से सटे बिहार के जिलों के नवयुवक इसका लाभ लेकर सेना में भर्ती होकर देश की सेवा कर सकें ।

माननीय सभापति : श्री देवेन्द्र सिंह 'भोले' जी ।

…(व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री विष्णु दयाल राम जी ।